भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 940

दिनांक 08 दिसंबर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण को तर्कसंगत बनाना

940. श्री मितेष पटेल (बकाभाई):
श्रीमती शारदा अनिल पटेल:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के पिछले सर्वेक्षण में कितने लोग सम्मिलित थे;

(ख) क्या राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण मुख्यतः शहरी/अर्ध-शहरी क्षेत्र केन्द्रित हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण रिपोर्टों की व्यापक जानकारी प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के दायरे को व्यापक बनाने का विचार है और यदि हां, तो इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) क्या सर्वेक्षण का क्षेत्र और इसमें सम्मिलित लोगों की संख्या अननुपातिक है और इसे युक्तिसंगत बनाने की आवश्यकता है और यदि हां, तो इस संबंध में उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ): पिछले सर्वेक्षण अर्थात एनएफएचएस-5 में कुल 9745 लोग सम्मिलित थे।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण एक वस्तुपरक और वैज्ञानिक नमूना डिजाइन पर आधारित है जिसमें राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर शहरी और ग्रामीण अनुमान प्रदान करने वाले प्रतिनिधि नमूने शामिल हैं। एनएफएचएस-5 (2019-21) में, पूरे भारत में कुल 6,36,699 परिवारों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 4,76,561 परिवार और शहरी क्षेत्रों में 1,60,138 परिवार शामिल थे।

तकनीकी सलाहकार समिति और संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों के प्रतिनिधियों और कार्य क्षेत्र का ज्ञान रखने वाले विशेषज्ञों वाली अन्य उच्च स्तरीय समितियों में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद देश के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण कार्य क्षेत्र में उभरते मुद्दों, चल रहे कार्यक्रमों पर नजर रखने और नई नीतियां तैयार करने के लिए गुणवत्ता वाले आंकड़ों की आवश्यकता और विभिन्न हितधारकों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक दौर में एनएफएचएस का दायरा बढ़ाया जाता है।

सर्वेक्षण की अवधि और इसमें शामिल लोगों की संख्या अनुपातहीन नहीं है। एनएफएचएस सर्वेक्षण के प्रत्येक दौर की योजना बनाई जाती है और सर्वेक्षण के सभी प्रोटोकॉल पर विचार करके आवश्यकताओं के आधार पर निष्पादित किया जाता है। एनएफएचएस सर्वेक्षण दो चरणों में किया जाता है। प्रत्येक चरण में राज्यों में चयनित प्राथमिक नमूना इकाइयों में से प्रत्येक में एक खाका बनाना और सूचीबद्ध करने जैसे कार्यकलाप शामिल है, जिसमें प्रत्येक आवासीय परिवार सूचीबद्ध है, जिसके बाद चयनित घरों में मुख्य सर्वेक्षण किया जाता है। इस सर्वेक्षण में शामिल जनशक्ति को फील्ड एजेंसियों के माध्यम से लगाया जाता है और निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार निर्णय लिया जाता है।

****